हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

04 जन विश्वास अभियान अंतर्गत शोभापुर में किया गया शिविर...



07 नारानिया में स्कूल क्रूजर खंती में कूदी, 14 बच्चे...





## खबर संक्षेप

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

**सीहोर।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये- 25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक

**सीहोर।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeu-parjan.nic.in पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# शारदीय नवरात्रि में शक्ति की भक्ति शुरू : हजारों श्रद्धालुओं ने सलकनपुर देवीधाम पहुंचकर पहले दिन टेका माथा





**रेहटी।** प्रसिद्ध और आस्था के बड़े केंद्र सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। रविवार और नवरात्रि का पावन पहला दिन होने के कारण सुबह से ही मंदिर परिसर, सीढ़ी मार्ग और पूरे क्षेत्र में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सैकड़ों श्रद्धालु कतारों में लगकर माता के दर्शन कर चुके हैं और जिला प्रशासन के अनुसार रात तक यहां दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 1 लाख के पार पहुंच सकती है। बता दें कि नवरात्रि के पहले दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ आदिशक्ति मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सलकनपुर के इस पावन मंदिर में भी सुबह से ही विशेष अनुष्ठान, हवन और पूजन का दौर लगातार जारी है। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों और भक्तिमय भजनों से गूंज रहा है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना कर रहे हैं।

**1000 फीट की ऊंचाई पर विराजमान हैं मां**

बता दें कि विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं पर करीब 1000 फीट की ऊंचाई पर स्थित मां विजयासन देवी का यह मंदिर अपनी चमत्कारी मान्यताओं और इतिहास के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यता, धार्मिक कथाओं के अनुसार मां विजयासन को माता पार्वती का ही एक शक्तिशाली स्वरूप माना जाता है।

पौराणिक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है कि देवी द्वारा भयंकर असुर रक्तबीज का वध करने के बाद देवताओं को विजयश्री प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात देवताओं ने यहां माता को विजयासन (विजय का आसन) प्रदान किया, तभी से इस पवित्र स्थल का नाम विजयासन धाम पड़ गया।

**बंजारों को मिल गए थे गुम हुए मवेशी :** इस स्थान के इतिहास को लेकर एक अन्य लोक कथा भी काफी प्रचलित है। कहा जाता है कि करीब 300 साल पहले इस क्षेत्र में बंजारों के कुछ मवेशी कहीं खो गए थे। भटकते-भटकते बंजारों ने जब माता के बताए अनुसार यहां विधि-विधान से पूजा की तो उनके खोए हुए सभी पशु सुरक्षित वापस मिल गए। इस चमत्कार से अभिभूत होकर उन बंजारों ने ही इस भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था।

### प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम

नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर, पार्किंग और अन्य प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ को व्यवस्थित रखने और सुगम दर्शन के लिए विशेष बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### रोपवे की विशेष सुविधा

बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग श्रद्धालुओं सहित अन्य श्रद्धालुओ के लिए रोपवे की सुविधा चालू है। इसके अलावा सामान्य भक्त सड़क मार्ग और सीढ़ियों के रास्ते भी लगातार मंदिर पहुंच रहे हैं। प्रशासन रात तक बढ़ने वाली भीड़ को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

### नौ दिनों तक रहता है मेले जैसा माहौल

राजधानी भोपाल से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित सलकनपुर धाम में यूं तो साल भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन शारदीय और चैत्र नवरात्रि के पवित्र अवसरों पर इस पूरे क्षेत्र का स्वरूप ही बदल जाता है। नौ दिनों तक यहां मेला जैसा भव्य माहौल रहता है, जहां मध्य प्रदेश के अलावा देश के अन्य राज्यों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं।

### वाहन मार्ग पर दिन भर लगता रहा जाम

नवरात्रि के पहले दिन ही बिजासन धाम सलकनपुर वाहन मार्ग पर दिन भर जाम लगता रहा जिससे वाहन सवार श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा प्रशासन के सारे दावे फेल होते नजर आए क्योंकि जब में फंसे होने के कारण लोग प्यासे इधर-उधर भटकते रहे।

## नवरात्रि में परेशानी हुई तो होगा उग्र आंदोलन : कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती

# 6-6 घंटे की अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने विद्युत वितरण कंपनी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिलेभर में लोड सेटिंग के नाम पर की जा रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में शाम 6 बजे कोतवाली चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी का पुतला फूंककर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में 6-6 घंटे तक बिजली गुल रह रही है। अघोषित विद्युत कटौती के कारण आम नागरिक, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं। बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन विद्युत विभाग इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करने में विफल नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था केवल विद्युत वितरण कंपनी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की जवाबदेही का भी विषय है। प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जनता को घंटों अंधेरे में रहना पड़ रहा है। यदि सरकार बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीर है, तो उसे अधिकारियों की जवाबदेही तय कर अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। सरकार की लापरवाही और कुप्रबंधन का खामियाजा आम जनता, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। राजीव गुजराती ने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार के अवसर पर बिजली व्यवस्था की बदहाली जनता की परेशानियां बढ़ा सकती है। नवरात्रि के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और घरों में विशेष आयोजन होते हैं। ऐसे समय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विद्युत वितरण कंपनी और प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। राजीव गुजराती ने विद्युत वितरण कंपनी और प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नवरात्रि के दौरान बिजली कटौती के कारण जनता को परेशान होना पड़ा, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा जिला कांग्रेस कमेटी जनता के हित में उग्र आंदोलन करेगी। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग और प्रदेश सरकार की होगी। कांग्रेस ने मांग की कि लोड सेटिंग के नाम पर की जा रही अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद की जाए, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाए तथा किसी भी आवश्यक कटौती की पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दी जाए। साथ ही प्रदेश सरकार बिजली विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय करे और जिले में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करे। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से घनश्याम यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, सीताराम भारती, रामायण प्रसाद शुक्ला, प्रेमनारायण परमार, घनश्याम मीणा, ईश्वर सिंह चौहान, नरेन्द्र खंगराले, मजीद अंसारी, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, पंकज शर्मा, मोनू शर्मा, आसिफ अंसारी, असरफ अली, मो.अमीर, सद्दाम, हरिओम सिसोदिया, तनिष्क त्यागी, विवेक टाँक, ब्रजेश पाटीदार, नन्दकिशोर मालवीय, भगत सिंह सिलावट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मनाया मद्य निषेध सप्ताह

## मद्य निषेध सप्ताह के आयोजन से विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता का विकास




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर 2026 तक द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मद्य निषेध सप्ताह मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन, क्विज, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता गीत जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं, विद्यालय के बैंड ग्रुप के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, कॅरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन एवं तकनीकी शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में दिनांक 12, 13 एवं 14 अक्टूबर 2026 को तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, कैरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 12 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित उद्घाटन समारोह में माननीय विधायक सुदेश राय की अध्यक्षता, कलेक्टर, जिला सीहोर की मुख्य आतिथ्य उपस्थिति तथा माननीय नरेश मेवाड़ा जी की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों तथा स्थानीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, नवीन तकनीकी मॉडलों, कौशल विकास, कैरियर मार्गदर्शन, नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता की संभावनाओं से परिचित कराना है। कार्यशाला के दौरान ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित उभरते तकनीकी विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान, तकनीकी प्रदर्शन, प्रोटोटाइप आधारित प्रशिक्षण तथा व्यावहारिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ तथा स्थानीय युवा सहभागिता कर सकेंगे। प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं, रोजगारोन्मुखी कौशल, नवाचार, स्टार्टअप स्थापना, उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यशाला के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आरएएमपी योजना, स्टार्टअप इकोसिस्टम, कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास, तकनीकी कैरियर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा तैयार किए गए तकनीकी मॉडलों एवं नवाचार आधारित प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया जाएगा।

## नवरात्रि के पहले दिन मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी

# पहले दिन किया मां का विशेष श्रृंगार, लगातार आज तीन घंटे तक होगा दुर्गा सप्तशती का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ मरीह माता मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य अनुष्ठान और विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सुबह और शाम को आरती की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा सहित अन्य ने अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने जय माता दी के जयकारे लगाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में घंटियों की गूंज और भक्ति गीतों के बीच पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। मंदिर के व्यवस्थापक श्री मेवाड़ा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह यहां पर हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नवरात्रि में अखंड ज्योत जलाई जाएगी।

इस मौके पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पहले दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। साधक मां शैलपुत्री के निमित्त व्रत-उपवास करते है। नवरात्रि में सच्चे मन से 10 महाविद्याओं की पूजा करता है तो उसे जीवन के समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है। सोमवार को मां के दूसरे रूप मां ब्रह्मचारणी की पूजा अर्चना के साथ ही मंदिर परिसर में कन्या पूजन के अलावा लगातार तीन घंटे तक दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सनातन शास्त्रों में निहित है कि कालांतर में प्रजापति दक्ष ने जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की कठिन तपस्या की। प्रजापति दक्ष की कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर मां दुर्गा प्रकट होकर बोली मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूं। मांगों, तुम्हें क्या चाहिए। उस समय प्रजापति दक्ष ने मां को पुत्री रूप में प्राप्त करने का वरदान मांगा। मां दुर्गा यह कहकर अंतर्ध्यान हो गई कि जल्द सती रूप में तुम्हारे घर जन्म लूंगी। कालांतर में प्रजापति दक्ष के घर मां सती की जन्म हुआ। हालांकि, मानवीय रूप में मां सब कुछ भूल गई। एक रात स्वप्न में भगवान शिव आए और उन्हें स्मरण दिलाया। अगले दिन से मां सती भगवान शिव जी की पूजा-उपासना करने लगी। इसी समय प्रजापति दक्ष उनके विवाह हेतु वर ढूंढने लगे, लेकिन मां सती शिव जी को अपना पति मान चुकी थीं। अतः उन्होंने पिता के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उस समय मां सती की शादी भगवान शिव से हुई। हालांकि, उनके पिता प्रसन्न नहीं थे। अतः भगवान शिव और प्रजापति दक्ष के मध्य वैचारिक द्वन्द बना रहा। एक बार प्रजापति दक्ष ने महायज्ञ का आयोजन किया। इसमें मां सती को नहीं बुलाया गया। यह जान मां सती व्याकुल हो उठीं। मां सती जाने की जिद करने लगी। भगवान शिव, मां सती की अनुरोध को ठुकरा नहीं सके।

# कुबेरेश्वरधाम में 3 क्विंटल मावे की बर्फी का लगाया भोग, 108 दीप प्रज्ज्वलित कर की विशेष पूजा-अर्चना

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में शारदीय नवरात्रि का पर्व आस्था, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पहले दिन रविवार को धाम में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर 108 से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा की आराधना की गई। वहीं, तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी और फलाहारी सामग्री का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

नवरात्रि के शुभारंभ पर कुबेरेश्वरधाम में भक्तिमय वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धाम में धार्मिक परंपराओं के अनुसार विशेष आयोजन किए गए और प्रसादी वितरण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सेवा में सहभागिता की। रविवार को विदेश यूके में शिव चर्चा के कार्यक्रम से लौटे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शाम को कुबेरेश्वरधाम पहुंचे श्रद्धालुओं से भेंट की और उन्हें शारदीय नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व शिव और शक्ति की आराधना का पर्व है।



यह समय श्रद्धा, भक्ति और उपासना के माध्यम से मां भगवती की आराधना करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए धार्मिक आस्था और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। नवरात्रि के पहले दिन 108 से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर की गई आराधना और तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी के भोग ने आयोजन को विशेष स्वरूप दिया। फलाहारी प्रसादी का वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में सहभागिता कर नवरात्रि पर्व की शुरुआत की। कुबेरेश्वरधाम में नौ दिनों तक मां शक्ति की आराधना के साथ भक्तिभाव और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पर्व मनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान द्वारा जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनकी भावनाओं और अनुभवों को समझना था। कार्यशाला में तनाव, नशे की लत और क्रोध जैसी समस्याओं के प्रभावी प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन एवं डॉ. नित्यानंद एस. के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय सुश्री कर्ण प्रिया एवं सुश्री साक्षी चौधरी ने किया। कार्यशाला में मास्टर ऑफ आर्ट्स इन सोशल वर्क (डिसेबिलिटी स्टडीज एंड एक्शन) के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर दिलीप नायक, उप जेल अधीक्षक सहित जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### 137 आवेदनों में से 118 का किया गया मौके पर ही निराकरण

# जन विश्वास अभियान अंतर्गत शोभापुर में किया गया शिविर का आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर शुक्रवार को शोभापुर कृषि उपज उपमंडी में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर






मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर शुक्रवार को शोभापुर कृषि उपज उपमंडी में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय विभागों द्वारा आमजनों के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए सेवाएं प्रदान की गईं।

सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि जिला स्तरीय शिविर में प्राप्त 137 आवेदनों में से 118 निराकृत किए गए। राजस्व विभाग के 29 में से 23, ऊर्जा विभाग के 13 में से आठ तथा स्वास्थ्य विभाग का एक आवेदन निराकृत किए गए। पीएचई के दो आवेदन का निराकरण शेष है। शिविर में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, शोभापुर मंडल अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, शोभापुर सरपंच माया शाह, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसपी एसकेएस थोटा, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा नेता गोलू अग्रवाल, शरद दुबे, गोविंद मेहरा, केशव जाजू व अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन संदीपनि विद्यालय सोहागपुर के प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने किया।

#### हितग्राहियों को दी सेवाएं

शिविर में राजस्व विभाग ने 38 फार्मर रजिस्ट्री तैयार की। पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के दो हितग्राहियों को परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने 40 लोगों के एनसीडी, 15 लोगों का शुगर एवं 11 लोगों का ब्लड प्रेशर परीक्षण किया। पांच आयुष्मान कार्ड व 15 आभा कार्ड सेवाएं दी गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 10 हितग्राहियों को पोषण परामर्श तथा 14 हितग्राहियों को लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। आयुष विभाग ने 120 तथा पशु चिकित्सा विभाग ने 18 दवाओं का निःशुल्क वितरण किया। रोजगार पंजीयन काउंटर पर 18 लोगों का पंजीयन किया गया।

#### मंच से हितलाभों का वितरण

शिविर में स्वसहायता समूहों को 36 लाख रुपये के सीसीएल ऋण एवं किसान कल्याण विभाग से 40 हितग्राहियों को लाभ दिए गए। 40 स्वामित्व अधिकार अभिलेख तथा नामांतरण एवं बंटवारे के 30 पत्रक वितरित किए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पेंशन योजना के पांच तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 हितग्राहियों को प्रथम किश्त एवं 10 हितग्राहियों को संबल योजना लाभ मिले। महिला एवं बाल विकास विभाग ने तीन हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।अभियान अंतर्गत अधिकारियों ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन शोभापुर का निरीक्षण किया गया। एसडीएम सोहागपुर ने पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर का निरीक्षण किया।

### पिपरिया के पनारी औद्योगिक क्षेत्र में प्रशासन की

# सब जेल के पास संचालित मिलों पर कसा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पनारी में औद्योगिक विकास के लिए आवंटित क्षेत्र में नियमों की अनदेखी और स्थानीय कर (Tax) जमा न करने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए लगभग 15 औद्योगिक इकाइयों (फैक्ट्रियों) की जांच की, जिसमें भारी मात्रा में टैक्स बकाया पाया गया है।

सब जेल और कैदियों की सुरक्षा पर मंडराया खतरामिली जानकारी के अनुसार, पनारी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सब जेल के आसपास लगभग 100 एकड़ सरकारी भूमि कम दरों पर औद्योगिक लीज पर दी गई है। यहां राइस मिल, नमकीन मिल, दाल मिल, पोहा मिल और वाटर प्लांट जैसी करीब 15 फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। सब जेल के चारों तरफ फैक्ट्रियां होने के कारण जेल अधीक्षक, प्रहरी परिवारों और जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फैक्ट्रियों से उड़ने वाली काली डस्ट, धूल और गंदा पानी जेल परिसर तक पहुंच रहा है, जिससे वहां रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

#### शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

थानीय स्तर पर लगातार व्यवेसाय होने के बावजूद इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा पंचायत को किसी भी प्रकार का कर (Tax) नहीं दिया जा रहा था। इस अनियमितता को लेकर सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर, सचिव और रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी ने जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए औपचारिक अपील की थी।

### श्री रामलीला महोत्सव का 104 वें वर्ष में हुआ प्रवेश

# शुरू हुआ वर्षों पुरानी परंपरा श्री रामलीला का मंचन, नारद मोह लीला से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में श्रीराम नाट्य समिति द्वारा इस वर्ष के रामलीला मंचन की शुरुआत शुक्रवार रात से की गई है। इस दौरान नारद मोह लीला का मंचन किया गया।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि रात्रि लगभग नौ बजे भगवान श्री गणेश की आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ 104 वें वर्ष का रामलीला मंचन प्रारंभ हुआ। इसके बाद नारद मोह लीला का मंचन किया गया। अखिलेश मालवीय ने बताया कि 22 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक एवं पात्र सम्मान समारोह के साथ इस वर्ष की रामलीला का मंचन संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस अतिथि एवं दर्शक रूप में वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, मनोज अग्रवाल, शिवकुमार पटेल, पार्षद गौरव पालीवाल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, आनंद साहू, यशवंत पचौरी, तारिक खान आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों व दर्शकों ने भगवान श्री गणेश की आरती व वंदना की। अखिलेश मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से मंचन प्रारंभ होगा। श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर ने क्षेत्रवासियों से एक सदी पुरानी रामलीला के मंचन में नियमित उपस्थित होने की अपील की है।

# छतरपुर में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के वेदांश का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता छतरपुर में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि विद्यालय, पचमढ़ी के होनहार खिलाड़ी वेदांश उइके ने नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष यादव को फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए स्टेट ऑफिशियल नियुक्त किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, नगर के गणमान्य नागरिकों, खिलाड़ियों एवं परिवारजनों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शासकीय संदीपनी विद्यालय पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं द्वारा लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जीत दिलाकर विद्यालय,नगर एवं जिला का नाम रोशन किया ओर कर रहे हैं।

## अंडर-22 क्रिकेट टीम दो दिवसीय ट्रायल 13 अक्टूबर को

**सीहोर।** रविवार को एमपीसीए और बीडीसीए के निर्देश पर रविवार को शहर के बीएसआई मैदान पर अंडर-22 जिला क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जिले भर के खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। इसके बाद 13 अक्टूबर से दो दिवसीय ट्रायल मैच आयोजित होंगे। ट्रायल और अन्य चयन गतिविधियों के आधार पर जिला स्तरीय अंडर-22 टीम का गठन किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया की तैयारियां की गई हैं। एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरू वर्मा ने सीनियर खिलाड़ियों की चयन समिति गठित की है। समिति के सदस्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेल कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी करेंगे। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे से बीएसआई मैदान पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई थी, इसमें भैरुंदा, बुधनी, आष्टा, इछावर, श्यामपुर, सीहोर, दोराहा, अहमदपुर, जावर, मेहतवाड़ा और बिलकिसगंज सहित जिले के सभी क्षेत्रों के 22 वर्ष तक की आयु वाले खिलाड़ी शामिल हुए। पंजीयन के बाद 13 अक्टूबर से दो दिवसीय ट्रायल मैच आयोजित किए जाएंगे। इन मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ उनकी तकनीक, प्रतिभा और खेल क्षमता का आकलन किया जाएगा।

# सारदा सेवा संघ सोहागपुर ने बनाया मेडिकल सहायता पाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सारदा सेवा संघ सोहागपुर द्वारा सलकनपुर देवी धाम जाने वाले भक्तों के लिए प्राथमिक चिकित्सा स्थल बनाया है। संघ से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी सहयोग से शनिवार को शाम सलकनपुर देवी धाम जाने वाले भक्तों के लिए प्राथमिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सनातनी परंपरा अनुसार किया गया है। उक्त स्थल पर सलकनपुर जाने वाले देवी भक्तों के लिए सभी प्रकार की प्राथमिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। आवश्यकता अनुसार विश्राम अथवा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने का सहयोग भी किया जाएगा।

# कृषक वर्ग की समस्याओं को लेकर सोहागपुर नगर कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**सोहागपुर।** नर्मदापुरम जिले के किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी सोहागपुर द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया है। नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी को सौंपे गए ज्ञापन में नौ मांगे शामिल हैं। सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में अल्प वर्षा एवं अनियमित बारिश से प्रभावित कृषक वर्ग की सभी समस्याओं पर कार्रवाई की मांग आवेदन में की गई है। ज्ञापन अनुसार पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान, मक्का, सोयाबीन व अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। सिंचाई, खाद-बीज उपलब्धता एवं फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने जैसी समस्याओं से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अतः सोहागपुर नगर कांग्रेस कमेटी ने नर्मदापुरम जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर पात्र किसानों को मुआवजा देने, सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने, रबी सीजन के लिए खाद-बीज की व्यवस्था करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने, समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने, मप्र की बासमती धान को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने, सोहागपुर नगर के लंबित लीज नवीनीकरण प्रकरणों निराकरण करने व अवैध कच्ची शराब पर रोक लगाने की मांग की।

# नागरिक कर चुके स्टेट हाईवे की समस्या की सुधार की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में संदीपनि स्कूल के नए भवन के सामने स्टेट हाईवे पर गड्ढों में गिट्टी व चूरा पुराव से धूल उड़ती है। नागरिक समस्या निराकरण की मांग लगातार कर रहे हैं। गत दिनों आसपास के रहवासियों एवं व्यापारियों ने आवेदन दिए हैं। समस्या ग्रस्त स्थल के आसपास के रहवासियों तथा व्यापारियों ने मामले में एसडीएम एवं सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ के नाम शिकायती आवेदन पत्र दिए हैं। आवेदन अनुसार सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे पर वाटिका गार्डन से चर्च तक मेन रोड से वाहन निकलते हैं तो अत्यधिक धूल उड़ती है। जिससे राहगीरों को व रहवासियों को परेशानी होती है। धूल उड़कर घरों व दुकानों तक पहुंच रही है। आवेदन में आगे उल्लेख है कि नवरात्रि में सलकनपुर तक हजारों भक्त उक्त सड़क से जाएंगे, जिन्हें नुकीले पत्थरों व गिट्टी से चोट लग सकती है। अतः नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन इस जन समस्या का समाधान जल्द से जल्द करे।

### डांडिया खेल रही बालिकाओं के बीच पहुंची दुर्गा वाहिनी की बहनें

# आत्मरक्षा के लिए बालिकाओं को सीखना चाहिए अस्त्र-शस्त्र चलाना : अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दुर्गा वाहिनी की बहनों ने क्रिसेंट गरबा महोत्सव में मैदान पर पहुंच कर तलवार बाजी का प्रदर्शन किया। समाजसेविका अरुणा सुदेश राय ने दुर्गा वाहिनी की बहनों का तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया।दुर्गा वाहिनी की बहनों ने गरबा प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं की प्रशंसा की। आत्मरक्षा के गुर सीखने के लिए साथ ही अस्त्र-शस्त्र चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच की संयोजिका अरुणा राय ने कहा कि दुर्गा माता से शक्ति प्राप्त करने के लिए बालिकाओं को गरबा सिखाना चाहिए और राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों से बचने के लिए हथियार चलाना सीखना चाहिए। दुर्गा वाहिनी की बहने यही पुनीत कार्य कर रही है बालिकाओं को शारीरिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही है। विकट परिस्थितियों में माता-पिता साथ नहीं होंगे तब बालिकाओं के द्वारा सीख गया आत्मरक्षा का गुर ही काम आएगा।

#### डांडिया के साथ डंडे चलाना भी सिखाएंगे

दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारी नीलू चौहान और अलका कुशवाहा की मांग पर श्रीमती राय ने कहा कि आगामी समय में बड़े स्तर पर गरबा प्रशिक्षण के जैसे ही बालिकाओं के लिए निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा जिसमें बालिकाओं को तलवार, भाला और लाठी चलाना सिखाया जाएगा और बाक्सिंग जूडो कराते सहित अन्य आत्मरक्षा के दांवपेच सिखाए जाएंगे।

#### शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र विद्या भी जरूरी

दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कहा कि हमारे सभी देवी देवताओं के हाथों में शास्त्र भी है और शस्त्र भी है गरबा हमारी संस्कृति है और शस्त्र विद्या भी अपनी परंपरा रही है। बालिकाओं को गरबा नृत्य के साथ तलवार भाला बंदूक चलना भी सीखना चाहिए जिससे कि विकृत मनु स्थिति के लोगों का प्रतिकार कर सकें और अपने आप को सुरक्षित कर सकें।

**दुर्गा वाहिनी ने व्यक्त किया आभार :** कार्यक्रम के दौरान जहां बालिकाओं के द्वारा सामूहिक गरबा की प्रस्तुति दी गई तो वहीं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भी सामूहिक तलवारबाजी की प्रस्तुति देकर वातावरण को शक्ति और भक्ति से भर दिया। क्रिसेंट गरबा महोत्सव आयोजित करने पर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने समाजसेवीका अरुणा राय, विधायक सुदेश राय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा का हुआ आगमन





**रेहटी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रथम दिवस मे घट स्थापना के लिए श्री राधा कृष्ण मंदिर रेहटी द्वारा माँ भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा का शुभारम्भ मंडी प्रांगण से प्रारम्भ हुआ, यही से हनुमान मंदिर की मां दुर्गा की प्रतिमा एवं राधा कृष्ण मंदिर की मां दुर्गा की प्रतिमा संयुक्त रूप से कलश यात्रा के साथ निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से निकली। जहां से यह कलश यात्रा निकाली लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा एवं मां दुर्गा की प्रतिमा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहां पर विधि विधान से मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई। कलश यात्रा मे मातृशक्तियों द्वारा कलश रखे गए। यात्रा मे बड़ी संख्या मे नगर के धर्म प्रेमी बंधु, बहने सम्मिलित हुए।

### एचपीसीएल में 2015 से कार्यरत थे राघवेंद्र विश्वकर्मा, मौत, 11 वर्षीय बेटा गंभीर घायल

# विधायक की कार की टक्कर से परिवार पर संकट, 3 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के छोटी महाकाल होटल के पास हाईवे पर हुए सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। राजगढ़ विधायक की फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार राघवेंद्र विश्वकर्मा की मौत हो गई, जबकि उनका 11 वर्षीय बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई और भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।





#### बाजार से घर लौट रहे थे राघवेंद्र, रास्ते में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से छतरपुर जिले के निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा करीब दस वर्षों से पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत थे। वे वर्ष 2015 से एचपीसीएल कंपनी में काम कर रहे थे और मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। करीब डेढ़ साल पहले ही उन्होंने कुरावर की हाईवे स्थित एसएस न्यूमार्केट रिजेंसी कॉलोनी में अपना घर बनाकर परिवार के साथ रहना शुरू किया था। हादसे के समय राघवेंद्र बाजार से खाने-पीने की वस्तुएं, फल और सब्जियां खरीदकर अपने छोटे बेटे लक्ष्य के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भोपाल की ओर से आ रही फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 0111 ने छोटी महाकाल होटल के पास उनकी बाइक क्रमांक एमपी 04 क्यूएम 5768 को टक्कर मार दी। हादसे में राघवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई, जबकि बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### पुलिस के अनुसार, ओवरब्रिज पर चढ़ाई के ठीक पहले हुआ हादसा



टीआई जितेंद्र मवई के अनुसार, भोपाल से राजगढ़ लौट रहे विधायक की कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में कुरावर की न्यू मार्केट कॉलोनी निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा (42) और उनका बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा (11) घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह प्रातः 7.30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार जब ओवरब्रिज से ठीक पहले अवैध कट पॉइंट पर फोरलेन पार करने के लिए राघवेन्द्र सड़क किनारे पर खड़े होकर वाहन निकलने की प्रतिक्षा कर रहे थे तभी अचानक भोपाल की तरफ से तेज रफ्तार कार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। मामले में पुलिस ने ड्राइवर पर मामला दर्ज कर कार जप्त कर ली है। वहीं, हादसे के बाद छोटी महाकाल होटल के पास बने अवैध कट पॉइंट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

#### पत्नी सविता और तीन बच्चों के सामने जीवन का सबसे बड़ा संकट

राघवेंद्र अपने परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में पत्नी सविता विश्वकर्मा, बड़ा बेटा आदित्य विश्वकर्मा, छोटा बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा और बेटी धनिष्का हैं। पिता की असमय मौत ने तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल लक्ष्य के उपचार और परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर भी चिंता बनी हुई है।परिवार के लिए सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि घर चलाने वाला व्यक्ति अब इस दुनिया में नहीं रहा।

#### शासन-प्रशासन से मदद की मांग

शासन-प्रशासन से मदद की मांग
हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की मांग की है। लोगों का कहना है कि परिवार की स्थिति को देखते हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, भरण-पोषण और आजीविका के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विधायक सहित संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रशासन परिवार की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं, आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा संबंधी सुविधाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पहल करें। साथ ही, घायल बालक के उपचार में भी हरसंभव सहयोग किया जाए। स्थानीय लोगों की मांग है कि पीड़ित परिवार को केवल सांत्वना ही नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और सामाजिक सहायता भी मिले, जिससे सविता विश्वकर्मा अपने बच्चों का भविष्य संवार सकें।

### मोड़ पर अनियंत्रित हुई

# नारानिया में स्कूल क्रूजर खंती में कूदी, 14 बच्चे बाल-बाल बचे



#### ड्राइवर के पास हैवी लाइसेंस नहीं मिला पुलिस ने क्रूजर जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के नारानिया गांव में शनिवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी क्रूजर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा कूदी। वाहन में 14 बच्चे सवार थे, जो हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस स्थान पर क्रूजर खंती में गिरी, उसके सामने कुआं था। गनीमत रही कि वाहन कुएं से कुछ कदम पहले ही तिरछा होकर रुक गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, शांति इंटरनेशनल स्कूल, पटाड़िया धाकड़ की क्रूजर क्रमांक एमपी 42 पी 0553 रोज की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे नारानिया गांव से बच्चों को लेने पहुंची थी। यहां से स्कूल जाने वाले 19 बच्चों में से सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के चलते पांच बच्चे स्कूल नहीं गए। शेष 14 बच्चों को बैठाकर चालक हरिओम रुहेला वाहन लेकर रवाना हुआ। आरोप है कि गांव से बाहर निकलते ही चालक ने क्रूजर तेज गति से दौड़ा दी। नारानिया से हाईवे की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और खंती में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम और इमरजेंसी वाहन के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घबराए बच्चों से बातचीत कर उनका हाल जाना और चालक से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में चालक के पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं मिला। वहीं, उसका चरित्र प्रमाणपत्र भी नहीं बनवाया गया था। पुलिस ने क्रूजर जब्त कर चालक को पूछताछ के लिए थाने लाया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### चार-चार घंटे बिजली बंद रहने से खेती और जनजीवन प्रभावित

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे कर रही हो, लेकिन अघोषित बिजली कटौती से किसानों और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसी के विरोध में शुक्रवार देर रात सारंगपुर के बालोंडी गांव के किसानों ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बालोंडी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चार-चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक वर्ष से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली मिल रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शहरों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो रही है, तो गांवों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है? किसानों ने बताया कि गेहूं की बुआई हो चुकी है और अब खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना जरूरी है। बिजली नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। वहीं, रात में बिजली कटौती के कारण बच्चों, माता-पिता और बुजुर्गों को मच्छरों के बीच परेशान होना पड़ता है। इस दौरान ग्रामीणों ने श्अटल ज्योति सिर्फ नाम की हैश और श्विद्युत विभाग हाय-हायश जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। विद्युत कार्यालय में मौजूद ऑपरेटर मनोज बादल ने डायल 112 पर मोबाइल से सूचना दी। ऑपरेटर ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली कटौती भोपाल स्तर से हो रही है और स्थानीय स्तर पर विद्युत कर्मचारी कटौती नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शन में वीरेंद्र सिंह राजपूत, बालू सिंह राजपूत, चंद्रपाल सिंह, रोहित झाला, जसमत सिंह और निखिल माहेश्वरी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। किसानों ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सिंचाई और घरेलू जरूरतों के लिए लोगों को परेशान न होना पड़े।

### आर्यरक्षित तीर्थ धाम पर नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन हुआ

# विश्व के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार सुनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आर्यरक्षित तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री आर्यजागरण चातुर्मास समिति के सहयोग से सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप का विशिष्ट आयोजन किया गया। उपस्थित जैन श्रावक-श्राविकाओं ने इस आयोजन में सहभागिता की। आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सागरचंद्र सागर सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 10 की पावन प्रेरणा व निश्रा में आयोजित इस आयोजन में मंदसौर नगर के दिगंबर, श्वेतांबर, मूर्तिपूजक व स्थानकवासी जैन आम्नाय को मानने वाले सभी जैन धर्मावलंबी एक ही स्थान पर एकत्रित हुए और उन्होंने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। मंदसौर के जैन पाठशालाओं के बच्चों एवं प्रबुद्ध श्राविकाओं ने इस अवसर पर विश्व के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार महामंत्र श्रवण कराया। एक साथ एक ही जगह पर दुनिया के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार महामंत्र बोला गया व सुना गया। नवकार महामंत्र के जाप के उपरांत आयोजन में शामिल हुए सभी श्रावक-श्राविकाओं व बच्चों के लिए श्री आर्यजागरण चातुर्मास समिति के द्वारा सहधर्मी स्वामीवात्सल्य का भी आयोजन किया गया। आचार्य श्री अशो\क सागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सागरचंद्र सागरसूरिजी म.सा. एवं मंदसौर में चातुर्मास कर रहे दिगंबर मुनि 108 श्री शुद्ध सागरजी म.सा., मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा., मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी म.सा., साध्वी श्री शीलरेखाश्रीजी म.सा., साध्वी श्री शीलमालाजी म.सा., साध्वी श्री जयवर्धन श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में उपस्थित सामूहिक नवकार महामंत्र जाप के इस विशिष्ट कार्यक्रम में सर्वप्रथम नवकार महामंत्र के चित्र पर माल्यार्पण सांसद सुधीर गुप्ता, मंदसौर विधायक विपिन जैन, नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी सचिव धर्मचन्द्र जैन,जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष्या संतोश मेहता, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित थे।



नवकार महामंत्र के इस विशिष्ट कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं ने दिगंबर, श्वेतांबर आम्नाय के सभी संतों व साध्वियों के साथ गुरुवंदन किया। आचार्य श्री अशोक सागरजी म.सा. ने सभी को मांगलिक श्रवण कराई। आचार्य श्री सागरचंद्र सागरजी म.सा. ने कहा कि नवकार महामंत्र विश्व का सबसे प्राचीन व अद्भुत मंत्र है। इस मंत्र का जो भी पूरे मनोभाव से जाप करता है उसे शाश्वत सुख मिलता है। आपने कहा कि दिगंबर, श्वेतांबर, स्थानकवासी सभी को जोड़ने वाला कोई मंत्र है तो वह नवकार महामंत्र है।

## रामलीला का शुभारंभ, राम जन्म और ताड़का वध का मंचन किया



**नरसिंहगढ़।** शहर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शुक्रवार रात गणेश पूजन और आरती के साथ हुआ। हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रामचरितमानस की चैपाइयों के बीच राम जन्म और ताड़का वध के प्रसंगों का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। राम की भूमिका निभा रहे सुमित व्यास के लिए यह किरदार मर्यादा, धैर्य और सत्य को जीवन में उतारने की प्रेरणा है। लक्ष्मण की भूमिका में राजेंद्र सिंह तोमर ने त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को इस चरित्र की प्रमुख सीख बताया। रावण का अभिनय कर रहे दीपेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि यह भूमिका अहंकार के दुष्परिणामों पर आत्मचिंतन का अवसर देती है। वहीं, हनुमान की भूमिका निभा रहे शिरीष उपाध्याय ने विनम्रता, भक्ति और निस्वार्थ सेवा को इस चरित्र का मूल संदेश बताया। नरसिंहगढ़ में रामलीला मंचन की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। बीच के कुछ वर्षों तक आयोजन बंद रहा, हाल के वर्षों में इसे फिर शुरू किया। डिजिटल मनोरंजन के दौर में भी स्थानीय कलाकार पारंपरिक मंचन के जरिए इस सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। रामलीला का समापन 21 अक्टूबर को होगा। विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, सत्येंद्र सिंह राठौर, शिव वैद्य, सद्गुरु आश्रम के प्रफुल्ल तोमर, छत्रवर्धन सिंह, कपिल वैद्य, जितेंद्र शर्मा, रामलीला समिति अध्यक्ष चेतन त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## भैंसवा माताजी, नौ दिन तक उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि का पर्व शनिवार से शुरू हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धदात्री मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी में नौ दिनों तक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करेंगे।

मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रस्ट समिति ने पेयजल, छांव, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस और पार्किंग की व्यवस्था की है। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेगा। नवरात्रि में घट स्थापना के साथ साधना, आराधना, जप, तप और हवन-पूजन किया जाएगा। दुर्गा नवमी पर मां बिजासन का विशेष अभिषेक होगा। पुजारी परिवार और ग्रामीण नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहेंगे। सारंगपुर, पचोर, जीरापुर, खुजनेर सहित सैकड़ों गांवों से भक्त चुनरी लेकर माता के दरबार पहुंचेंगे। मां बिजासन मंदिर का निर्माण नागर शैली



में मकराना के कुंभारी पत्थर से किया जा रहा है। करीब 81 फीट ऊंचे शिखर का निर्माण प्रगतिरत है। अगले चरण में सभा मंडप, रंग मंडप और स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। मंदिर को भव्य स्वरूप देने का कार्य जारी है।

## मुक्तिधाम में अस्थि कलशों को सुरक्षित रखने की मिलेगी सुविधा

**ब्यावरा।** अपनों को खोने का दुख झेल रहे परिजनों के लिए अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाओं को सहज और व्यवस्थित बनाना भी सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा राजगढ़ ने ब्यावरा जनकल्याण समिति (मुक्तिधाम सुधार समिति) को अस्थि कलशों के सुरक्षित संग्रहण के लिए अलमारी भेंट की है। मुक्तिधाम परिसर में उपलब्ध कराई गई इस सुविधा से अस्थियों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के बाद अस्थियों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल की गई है।

अलमारी की व्यवस्था होने से अस्थि कलशों को रखने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा और उनका संग्रहण पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। यह पहल उन परिवारों के लिए भी उपयोगी साबित होगी, जिन्हें विभिन्न कारणों से अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, ब्यावरा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. केसी मिश्रा, सचिव कृष्ण बल्लभ गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. कैलाश मिश्रा, संपत मोदानी, मुकेश सेन, प्रिंस छाबड़ा, सुरजीत अजवानी, शिशुपाल राणा, गिरिराज शाक्यवार, महेंद्र शाक्यवार, चिराग मोदानी, दुर्गा साहू और संजय सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी को महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप ने श्रद्धांजलि दी




**मंदसौर।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी उज्जैन के असामयिक आकस्मिक निधन पर महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप द्वारा शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनकी समाज के प्रति की गई सेवाओं का स्मरण कर भगवान जगदीश से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान सोमलता जोशी,कृष्णा जोशी, चंद्रकांता पुराणिक,चंदा चाष्टा,अमिता जोशी,सीमा शर्मा, आराधना शर्मा,प्रीति पुरोहित,रमा शर्मा,गीता शर्मा, तरुणा शर्मा ,रश्मि तिवारी अरुणा व्यास, श्रद्धा दीक्षित, सरिता जोशी, सुनीता शर्मा पिंकी शर्मा, टीना तिवारी मोनिका जोशी आदि उपस्थित थीं। यह जानकारी तरुणा शर्मा ने दी।

## समाजसेवी सुनील बंसल व मित्रों ने हरिद्वार में प्रवाहित कीं निराश्रितों की अस्थियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

समाज सेवा की मिसाल कायम करते हुए समाजसेवी एवं पार्षद सुनील बंसल अपने सहयोगियों के साथ पितृपक्ष के अवसर पर 33 वर्षों से चली आ रही पवित्र परंपरा का निर्वहन करने हेतु 3 अक्टूबर को हरिद्वार रवाना हुए थे। इस पावन यात्रा के दौरान वे निराश्रित और जरूरतमंद दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर गंगा जी विसर्जन के लिए पहुँचे थे। इस बार की यात्रा में 18 पुरुषों, 6 महिलाओं और 11 बंदरों के अस्थि कलश सम्मिलित थे, जिनका विसर्जन हरिद्वार में पूर्ण विधि-विधान और धार्मिक रीती-रिवाजों के साथ तीर्थ पुरोहित प्रदीप झा द्वारा संपन्न कराया गया।

इस पुनीत और परोपकारी कार्य में समाजसेवी सुनील बंसल के साथ भरत शिंदे, कन्हैयालाल दया, शम्भूसेन राठौड़, बंशी राठौर, शिव योगी, गोपाल शिंदे, गिरधारी माली, लक्ष्मीनारायण राठौर, राहुल कुमावत, सज्जन खमेसरा, रामचंद्र भारती,



गोपाल सेठिया और दिलीप सेठिया भी हरिद्वार पहुंचकर प्रमुख सहयोगी बने और निष्काम भाव से अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

**समाजसेवी सुनील बंसल ने किया एक और निराश्रित वृद्ध का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार:** हरिद्वार से अस्थि विसर्जन की यात्रा पूर्ण कर लौटते ही समाजसेवी , पार्षद सुनील बंसल ने मानव सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने एक निराश्रित वृद्ध व्यक्ति के पार्थिव देह का पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया। घटनाक्रम के अनुसार, सुबह बंसल को सूचना मिली कि कोर्ट परिसर स्थित कैंटीन के बाहर एक वृद्ध मृत अवस्था में पड़े हैं। तस्वीर देखने पर श्री बंसल ने पहचान की कि उक्त व्यक्ति संध्या समय गांधी चौराहे पर भोजन प्राप्त करने आते थे, हालांकि उनका कोई नाम या पता ज्ञात नहीं था। इसके पश्चात उन्होंने तुरंत सिटी कोतवाली पुलिस को सूचित किया। बंसल ने बताया कि 1 मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि वह व्यक्ति बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर के समीप भिक्षावृत्ति करता था। मंदिर के पुजारी से चर्चा करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति को दो-तीन वर्षों तक बालाजी मंदिर की चौकीदारी के लिए भी रखा गया था और परिजनों के विषय में कोई अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं थी। श्री बंसल द्वारा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों की तलाश में 24 घंटे से अधिक समय तक प्रयास किए गए, किंतु कोई भी सगा-संबंधी या परिचित सामने नहीं आया। इसके उपरांत श्री बंसल से अंतिम संस्कार कराने का कहा गया।

### टेटवाल ने भी पूर्वजों का स्मरण किया

## कृष्णसिंधु के तट पर किया गया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या एवं शनिचरी अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को कृष्णसिंधु कालीसिंध नदी के तट स्थित कपिलेश्वर तीर्थ धाम में सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया।

सुबह 7 से 10 बजे तक आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अपने पूर्वजों का स्मरण कर जल, तिल एवं तिलांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में स्नान कर अपने पूर्वजों की धूप विसर्जित की। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से ही तीर्थ धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोज और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं दक्षिणा दान करने तथा गाय को भोजन (ग्रास) कराने को भी शुभ माना जाता है। श्रद्धालुओं ने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। इस अवसर पर प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भी अपने पूर्वजों का तर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी एवं पंडित बालकृष्ण के नेतृत्व में धार्मिक विधियां संपन्न कराई गईं। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के साथ ही पितृपक्ष के श्राद्ध कर्मों का समापन हुआ। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होने के साथ ही धर्म और भक्ति का पर्व आरंभ होगा।

## खबर संक्षेप

### हॉकी मैच आयोजित बालिका टीम रही विजेता

**सीहोर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हॉकी फीडर सेंटर सीहोर एवं सीहोर हॉकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में होमगार्ड ग्राउंड मंडी, सीहोर में बालक एवं बालिका हॉकी टीमों के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया। मुकाबले में बालिका टीम ने जीत हासिल की, जबकि बालक टीम उपविजेता रही। बालक टीम की कप्तानी लक्की रैकवार ने की, वहीं कृष्णा मालवीय उपकप्तान रहे। बालिका टीम की कप्तान सलोनी धानक और उपकप्तान सरस्वती सूर्यवंशी रहीं। मैच का शुभारंभ होमगार्ड कंपनी कमांडेंट वर्मा सर ने टॉस कराकर किया। मैच में निर्णायक की भूमिका सीहोर हॉकी फीडर सेंटर के प्रशिक्षक रसूल सिद्दीकी ने निभाई। कार्यक्रम में हॉकी संघ के अध्यक्ष राजीव गुजराती, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी संघ के संरक्षक अखिलेश राय, पत्रकार आमिर खान, हॉकी खिलाड़ी एवं संरक्षक अफशा अहमद, खेल अधिकारी रुबिका दिवान के निर्देशानुसार युवा समन्वयक प्रमोद सिंह उईके, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक सुयश कन्नौजिया, मनोज कन्नौजिया, फुटबॉल संघ के सचिव एवं समाजसेवी मनीष मेवाड़ा तथा पार्षद राहुल राय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और प्रतिभाओं को आगे लाने पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि होमगार्ड ग्राउंड मंडी, सीहोर में हॉकी फीडर सेंटर के प्रशिक्षक रसूल सिद्दीकी वर्ष 2011 से लगातार बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वहीं, जिला खेल अधिकारी रुबिका दिवान के प्रयासों से जिले में हॉकी खेल को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है।

### मंगल शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि का हुआ शुभारंभ

# जगह-जगह हुई घट स्थापना, नवरात्रि के पहले दिन निकली 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा

रविवार से नगर सहित आसपास शारदीय नवरात्री की शुरूआत हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर



हिंदू सनातन धर्म का मुख्य पर्व शारदीय नवरात्र का प्रारंभ रविवार से प्रारंभ हो गया है। इस बार मातारानी हाथी पर सवार होकर आई हैं। भक्तगणों ने रविवार के शुभ मुहूर्त में चल प्रतिमा का मंगल जुलूस कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षैत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक, कुम्हार पूरा, भाऊ बाबा मंदिर के पास आनंद उत्साह व आतिशबाजियों के साथ नगरवासियों की उपस्थिति में पहुंचा चल प्रतिमा के साथ घट स्थापना कर शारदीय नवरात्र का विधिवत। स्थापना कार्य प्रारंभ किया। नवरात्रि के प्रथम दिवस मातारानी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का विधि विधान के साथ नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक, मनीष पाठक, दीपेश पाठक ने वेदिक पुजन संपन्न कर कलश स्थापना एवं व्रत का संकल्प भक्तो को दिलाया। घट स्थापना के पूर्व मातारानी के भक्तो के द्वारा चल प्रतिमा की शोभायात्रा कालोनी चौराहा से प्रारंभ कर सम्पूर्ण गंज क्षेत्र में निकालकर सिद्ध पीपल चौक कुम्हार पूरा लाया गया जहां पर चल प्रतिमा को स्थापित किया गयायुवा थिरकते नजर आए मातारानी की शोभायात्रा में युवा वर्ग बड़ा ही उत्साहित था ढोल की थाप पर युवागण उत्साह के साथ नृत्य कर मातारानी के जयघोष के साथ चल रहे थे जो आकर्षण के केंद्र थे।

## निकाली गई चुनरी यात्रा में डीजे, घोड़ी, बग्घी और देवी-देवताओं के मनमोहक स्वरूपों ने मोहा मन



नवरात्रि के पावन पर्व पर जावर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। चोरसिया परिवार द्वारा मां महिषासुर मर्दिनी के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए 251 फीट लंबी चुनरिया यात्रा निकाली गई। यात्रा में जावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए चोरसिया परिवार के पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर में जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसी क्रम में नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वेद ने मुख्य बाजार में पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। चुनरिया यात्रा का शुभारंभ जावर अस्पताल से हुआ। यात्रा में डीजे, घोड़ी और आकर्षक बग्घी के साथ हनुमान जी एवं मां काली के मनमोहक स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। धार्मिक जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच निकली यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। 251 फीट लंबी चुनरी के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने स्वागत कर अपनी आस्था व्यक्त की। मुख्य बाजार में नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वेद ने मालवीय समाज के चोरसिया परिवार द्वारा निकाली गई विशाल चुनरिया यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन ने सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। जावर नगर स्थित मां महिषासुर मर्दिनी माता का लगभग 400 वर्ष पुराना मंदिर क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक आस्थाओं में से एक है। इस प्राचीन मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक महत्व रहता है और हजारों श्रद्धालु परिवार सहित मां के दर्शन करने पहुंचते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है। चोरसिया परिवार की इस विशाल चुनरिया यात्रा ने जावर नगर की धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर जीवंत कर दिया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने इसे यादगार बना दिया।

# सिविल अस्पताल में अंडाशय की गठान का सफल ऑपरेशन

### ऑपरेशन कर निकली दो किलो की गठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने 48 वर्षीय महिला के अंडाशय में बनी गठान का सफल ऑपरेशन कर उसे राहत प्रदान की। ऑपरेशन के दौरान करीब 2 किलोग्राम वजनी और 25×22 सेंटीमीटर आकार की गठान निकाली गई। ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति स्वस्थ बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रोला खेड़ी निवासी लीलाबाई, पति लालजीराम पेट में तकलीफ होने के कारण सिविल अस्पताल पहुंची थीं। जांच में उनके अंडाशय में बड़ी गठान होने का पता चला। मरीज की स्थिति को देखते हुए शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र परमार ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। 10 अक्टूबर को मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर के नेतृत्व में महिला का ऑपरेशन किया गया। शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र परमार ने लेपरोटॉमी प्रक्रिया के माध्यम से गठान निकाली।

ऑपरेशन में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. जयदीप सिंह सिसोदिया, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी राय, ओटी टेक्नीशियन परमानंद वर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया। चिकित्सकों की टीम ने समन्वय के साथ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति स्वस्थ बताई गई है। सिविल अस्पताल में हुए इस ऑपरेशन से मरीज को राहत मिली। समय पर जांच, उचित चिकित्सकीय निर्णय और चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के सामूहिक प्रयासों से यह प्रक्रिया सफल रही।

## भाजपा मंडल जावर की मासिक बैठक आयोजित



**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर की मासिक कामकाजी बैठक स्थानीय संत रविदास धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रमों की जानकारी मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने दी। जिसमे दीपोत्सव स्थानीय नेवज नदी के घाट पर प्रज्वलित किए गए। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ स्वास्थ शिविर रक्तदान आँगन मिलन समारोह सेवा चित्र भाषण प्रतियोगिता सेवा सेतु अभियान ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैठक में मंडल प्रभारी गगन नामदेव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य रूप से बाबूलाल पटेल, मंडल प्रभारी गगन नामदेव, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज वेद ,उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, संजय अजमेरा ,कृपाल सिंह एडवोकेट, महामंत्री राजा ठाकुर ,धर्मेंद्र मालवीय, पार्षद मदन विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर ,राजपाल ठाकुर, प्रेम सिंह, गोविंदराम मालवीय, तेज सिंह भाटी, हेमंत गोयल, अजय सिंह, लोकेंद्र, दिनेश शर्मा, जीवन मालवीय,पवन मालवीय, तनिष्क मालवीय आदि मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इन दिनों पूरे प्रदेश में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोड शेडिंग, मेंटनेस के नाम बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीण इलाको में रहने वाले ग्रामीण और किसानों का जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। वहीं बिजली कटौती से फसलों में सिंचाई के लिए किसानों को रात रात भर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब जगह जगह से ग्रामीणों के बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। बीती रात को भी विधानसभा क्षेत्र आष्टा के कोठरी, हाकिमाबाद, नवरंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग दिन में लोड मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से शाम तक बिजली बंद रखता है, जबकि रात में भी बिजली गुल हो रही है। इससे किसान, व्यापारी, बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के बावजूद उन्हें मनमाने बिल दिए जा रहे हैं।

### गर्मी व मच्छरों से लोग परेशान

ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले कई दिनों से रात में बिजली कटौती बढ़ गई है। बार-बार बिजली जाने से लोगों की नींद खराब हो रही है और गर्मी व मच्छरों से परेशानी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो रहे हैं। आष्टा से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित हाकिमाबाद गांव में अघोषित बिजली कटौती से किसान-ग्रामीण परेशान हैं। शनिवार रात किसानों ने बिजली दफ्तर पहुंचकर नारे लगाकर बिजली कर्मचारियों पर दबाव बनाकर स्वयं बिजली सप्लाई चालू करवाई तो वही कोठरी में तो अघोषित बिजली कटौती से लोगों के सब्र का बांध ही टूट गया और आक्रोशित ग्रामीण इंदौर भोपाल राज्य मार्ग पर जमा हो गए और चक्काजाम करने पर मजबूर होना पड़ा। जिससे इस अति व्यस्ततम प्रमुख मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई फिर कही समझाइस के बाद आवागमन शुरू करवाया गया। वही नवरंगपुर में भी बिजली कटौती से परेशान युवाओं की टोली ने बिजली दफ्तर का घेराव कर डाला और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि गेहूं बोया जा चुका है, सिंचाई को पानी जरूरी है। बिजली न मिलने से खेती पर असर पड़ रहा है। रात में कटौती से बच्चों-बुजुर्गों को मच्छरों से परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग यह अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद करे या बिजली कटौती की पूर्व में जानकारी डाले।

### किसानों के साथ सड़कों पर उतरेंगे: जनपद अध्यक्ष

जनपद अध्यक्ष दिक्षा गुणवान के पति और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान से मोबाइल पर चर्चा की तो सोनू गुणवान ने कहा कि वाकई में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान है और इसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा चल रही है। जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का समाधान होगा। यदि बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ है और साथ में मिलकर सड़कों पर उतर कर विरोध करेंगे।

### बंद होगी बिजली कटौती : विधायक

विधायक गोपाल इंजीनियर ने कहा कि बिजली कटौती पूरे प्रदेश में हो रही है इसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों और मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री से भी चर्चा हुई है। जल्द ही बिजली कटौती पर अंकुश लगेगा और जल्द ही यह बिजली कटौती बंद होगी।

### शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ



**जावर।** रविवार को मां दुर्गा की विभिन्न पांडालों में घट स्थापना एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व का प्रारंभ हुआ। इस दौरान सभी पांडालों में शुभ मुहूर्त देखकर मां भगवती की प्रतिमाओं की स्थापना की गई और मंदिरों में भी कलश का पुजन कर उनकी स्थापना हुई।

# विजयदशमी महोत्सव समिति अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के शास्त्री स्कूल स्थित परसराम कॉम्प्लेक्स में रविवार को सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के कार्यालय पर पार्वती नगर अलीपुर क्षेत्र के विजयदशमी महोत्सव समिति अध्यक्ष राजकुमार मालवीय का स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर कुशवाहा समाज के पटेल जगदीश कुशवाहा, पटेल दलकिशोर कुशवाहा ने पुष्पमाला पहनाकर तथा साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी नारायण सिंह कुशवाह, संतोष कुशवाहा, कुशवाहा समाज ग्रामीण अध्यक्ष भगवान सिंह कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने आचरण से समाज को मर्यादा, परिवार के प्रति कर्तव्य और धर्म की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विजयदशमी महोत्सव समिति अध्यक्ष राजकुमार मालवीय ने अपने उद्बोधन में धर्म, संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और संस्कारों को बढ़ावा देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों व सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आगामी त्यौहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

# अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने दशहरा मैदान का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना परिसर, में आगामी त्यौहार नवरात्रि, दशहरा व दीपावली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम महेंद्र किरार एसडीओपी दामोदर गुप्ता, तहसीलदार रामलाल पगारे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, विजयदशमी उत्सव समिति अध्यक्ष मोहित सोनी सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक प्रमुख एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजक उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्यौहारों के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखने तथा त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही त्यौहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से अपील की गई कि वे त्यौहारों को आपसी प्रेम, सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# गरबा समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की हुई नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रम को लेकर समिति गठित की गई है। इसमें दिग्विजय सिंह राजपूत को अध्यक्ष और कृष्णा मंडलोई को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम 22 एवं 23 अक्टूबर को श्री मानस भवन में आयोजित होगा। गरबा का प्रशिक्षण अभी डांस स्टूडियो द्वारा दिया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य मां अम्बे की आराधना के साथ गरबा और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अभिषेक पटेल राजपूत, अरविंद राजपूत, अजय मूंदीखेड़ी, यशिका जैन, कृतिका जैन, जयंत मंडलोई, रौनक राजपूत, देवेंद्र राजपूत, कुणाल बैरागी, उदय मेवाड़ा और संजू बाबा सहित आयोजन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।